

# हमारी सेवाओं का उपयोग कैसे करें

rtd-denver.com | 303.299.6000 | customercare@rtd-denver.com

डेनवर मेट्रो क्षेत्र के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रदाता के रूप में, RTD समुदायों को बसों, ट्रेनों, एक्सेस-ए-राइड (विकलांग व्यक्तियों के लिए सेवाएं), फ्लेक्सराइड इत्यादि जैसे नजदीकी शटलों इत्यादि से जोड़ता है। आपकी परिवहन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में RTD को मदद करने दें!

## रियायती किराया कार्यक्रम

आप और आपका परिवार छूट के लिए पात्र हो सकते हैं। रियायती किराये निम्नलिखित के लिए उपलब्ध हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कम आय वाले लोग** | **वरिष्ठ नागरिक** (65+ आयु वाले) | **विकलांग व्यक्ति** | **युवा** (19 वर्ष और उससे कम आयु के व्यक्ति)* |

**रियायती किरायों की पात्रता और इसके लिए आवेदन करने के बारे में rtd-denver.com/discount-fares पर अधिक जानें!**

* 'युवाओं के लिए शून्य किराया (Zero Fare for Youth)' कार्यक्रम के सौजन्य से 19 वर्ष और उससे कम आयु के युवा बिना किसी शुल्क के सवारी कर सकते हैं।

## टिकट और पास कैसे खरीदें

यात्रा चाहे बस द्वारा या ट्रेन द्वारा कर रहे हों, अपनी RTD टिकटें और पास खरीदना आसान है। आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाला किराया चुनें (3 घंटे, दैनिक या मासिक), और आप अपने रास्ते पर हैं।

### टिकट और पास कहाँ से खरीदें

- सभी रेलवे स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीनें उपलब्ध हैं
- बस ऑपरेटर (यदि नकदी का उपयोग कर रहे हैं, तो निश्चित राशि का भुगतान करें)
- rtdonlinestore.com पर
- RTD बिक्री आउटलेट
- सहभागिता करने वाले किंग सूपर्स और सेफवे स्टोर

### आपके स्मार्टफोन पर उपलब्ध RTD

टिकट खरीदने का सबसे आसान स्थान आपका स्मार्टफोन है। IOS या Android के लिए **RTD MyRide** ऐप डाउनलोड करने के लिए दाईं ओर दिया गया QR कोड स्कैन करें।




**rtd-denver.com** पर RTD सेवाओं का पता लगाएँ, अपनी यात्रा की योजना बनाएं तथा अन्य कार्य करें।

## अपनी यात्रा की योजना बनाएं

शुरू से अंत तक अपनी यात्रा की योजना बनाने, अपनी बस या ट्रेन की प्रगति की जाँच करने, या वास्तविक समय में देरी या रद्द किए जाने की जाँच करने के लिए RTD के **अगली राइड (Next Ride**) टूल (app.rtd-denver.com/nextride) का उपयोग करें।

## बस लें

**उपयोगी सुझाव**




- अपने स्टॉप पर जल्दी पहुंचें।
- जब कोई बस आती है, तब यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह वही मार्ग और गंतव्य है जिसकी आपको आवश्यकता है, बस के सामने सबसे ऊपर लगे डिजिटल चिह्न की जाँच करें!
- बस में चढ़ें और अपने किराए का भुगतान खुले पैसों से निश्चित राशि में, वैध टिकट, पास, MyRide कार्ड या मोबाइल टिकट से करें।
- यदि MyRide कार्ड या मोबाइल टिकट का उपयोग कर रहे हैं, तो इसे सत्यापनकर्ता (वैलिडेटर) से स्कैन करें।
- जैसे ही आप अपने गंतव्य के पास पहुँचें, रुकने का अनुरोध करने के लिए पीली डोरी खींचें, या बटन दबाएँ।
- जब संभव हो, तब पिछले दरवाजे से निकलें।

## ट्रेन में चढ़ें

**उपयोगी सुझाव**




- स्टेशन पर पहुंचें। अगली ट्रेन के लिए डिजिटल संकेत या अगली राइड की जाँच करें।
- टिकट वेंडिंग मशीन से टिकट या पास खरीदें, या चढ़ने से पहले अपना मोबाइल टिकट या पास तैयार रखें।
- अपने मुद्रित टिकट को लाल "V" मशीनों पर, अपने MyRide कार्ड को काले और सिल्वर रंग के सत्यापनकर्ताओं पर सत्यापित करें, या अपने मोबाइल टिकट को एक्टिवेट करें। आपको टिकट वेंडिंग मशीन से खरीदारी को सत्यापित करने की आवश्यकता नहीं है।
- ट्रेन का इंतजार करने के लिए पीली लाइन के पीछे खड़े रहें।
- यह जानने के लिए कि आप अपने गंतव्य पर कब पहुँचने वाले हैं, डिजिटल साइन देखें या ऑडियो घोषणा सुनें।

## बसों और ट्रेनों में सुरक्षित रहें




यदि आप कुछ देखते हैं तो कुछ बोलें। RTD सिस्टम पर या उसके आसपास सुरक्षा और संरक्षा संबंधी चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए RTD **ट्रांजिट वॉच** ऐप डाउनलोड करने के लिए बाईं ओर दिया गया QR कोड स्कैन करें। सुरक्षा संबंधी चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए आप 303.299.2911 पर कॉल भी कर सकते हैं या 303.424.9100 पर टेक्स्ट संदेश भी भेज सकते हैं। अधिक जानने के लिए rtd-denver.com/transitwatch पर जाएं।

## सहायता और भाषा सहायता

RTD के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए ग्राहक सेवा को **303.299.6000** पर कॉल करें। दुभाषिया सेवाएँ 200 से अधिक भाषाओं में निःशुल्क उपलब्ध हैं। स्पैनिश के लिए 2 दबाएं। अन्य सभी भाषाओं के लिए 8 दबाएं। इसके बाद एजेंट को बताएं कि आप कौन-सी भाषा बोलते हैं और जब तक वे किसी दुभाषिये से जोड़ें, तब तक कॉल पर बने रहें।

**rtd-denver.com पर RTD सेवाओं का पता लगाएँ, अपनी यात्रा की योजना बनाएं तथा अन्य कार्य करें।**